(ख) क्या उन्हें वैकल्पिक स्थान दिये बिना उनके खोखे नष्ट कर दिये जायेंगे, और उन्हें पुनः विस्थापित बना दिया जायेगा; और

(ग) यदि हां, तो गुजरात में पाटन और अन्य कई स्थानों पर ऐसे खोखे वालों को वैकल्पिक स्थान दिये बिना क्यों खोखों को नष्ट किया जा रहा है ?

पुनर्वास तथा अल्प-संख्यक कार्य मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) और (ख). पश्चिमी ज़ोन में यह मंत्रालय कोई भी नया निर्माण कार्य नहीं कर रहा है। प्रायः सभी पुनर्वास योजनाएं कार्यान्वित हो चुकी हैं। खोखों के विषय में उचित कार्यवाही सम्बन्धित राज्य सरकारों द्वारा उनकी सामान्य नीति के अनुसार की जायेगी।

(ग) पाटन (गुजरात राज्य) में स्थित खोखों के विषय में यदि कुछ विस्तृत जानकारी दी जाये तो आवश्यक जांच पड़ताल की जायेगी।

दिल्ली की गीता कालोनी में नागरिक सुविधाओं पर व्यय

३४४०. श्री बलराज मधोक : क्या **पुनर्वास तथा अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली की गीता कालोनी में सड़कों, नालियों तथा अन्य विकास कार्यों पर अभी तक कुल कितना धन खर्च किया जा चुका है;

(ख) यह कालोनी कब तक दिल्ली निगम को हस्तान्तरित की जायेगी ?

पुनर्वास तथा अल्प-संख्यक कार्य मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) १०,०४,१०६ रुपये।

(ख) कालोनी के एक भाग में सड़कों को छोड़ कर शेष सभी सेवायें दिल्ली निगम को हस्तान्तरित की जा चुकी हैं। शेष सड़कों का कार्य प्रगति पर है और आशा है कि यह जून, १९६२ तक पूर्ण हो जायेगा, सड़कों का काय समाप्त हो जाने पर यह काम निगम को हस्तान्तरित कर दिया जायेगा।

जम्मू और काश्मीर राज्य के विस्थापित परिवारों के लिये दिल्ली में बस्ती

३४४१. श्री बलराज मधोक : क्या **पुनर्वास तथा अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली में रहने वाले जम्मू और काश्मीर राज्य के उन विस्थापित परिवारों को, जिन्हें अभी तक कोई मकान या प्लाट नहीं दिया गया, बसाने के लिये एक बस्ती बसाने का सरकार का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो उस का ब्यौरा क्या है ?

पुनर्वास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) जी नहीं। पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापितों तथा पाकिस्तान द्वारा नाजायज़ कब्ज़ा किये हुए जम्मू और काश्मीर क्षेत्र से आने वालों के लिये कोई भी नये निर्माण-कार्य-क्रम को करने का विचार नहीं है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

Fall in Quality of Indian Tea

3442. Shri P. C. Boroouh: Will the Minister of **Commerce and Industry** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that this season's samples of new crop of Indian tea in London sales have been found of poor quality and that the buyers have virtually neglected some of the lots on offer; and

(b) if so, whether Government propose to make an inquiry into the causes of falling of the quality?

The Minister of Commerce (Shri Kanungo): (a) The North Indian crop during the current season has been larger than in the previous years mainly because of the excessive rainfall